दिनांक 14 अगस्त 2019 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दॉ ऑर्ट ऑफ मैकप (साज सज्जा की कला) विषय पर एक कार्यशाल लवली मैकओवरस के सहयोग से आयोजित की गई ।

अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता की सतप्रेरना से महाविद्यालय परिसर छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु अनेकानेक कार्यक्रम समय–समय पर आयोजित किए जाते हैं। इसी श्रृंखला में यह कार्यशाला आयोजित की गई जिसके अंतर्गत साज सज्जा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और बताया कि छोटे–छोटे कोर्स करके छात्राएँ अपने ब्यूटीपार्लर खोल कर आत्म–निर्भर बन स्कती हैं साथ ही स्व–निर्भरता भी बढ़ती है। वर्तमान परिपेक्ष्य में किसी छोटे–मोटे कार्यक्रम में भी साज सज्जा को विशेष महत्व दिया जाता है । इस कारण दिन–प्रतिदिन इनकी माँग बढ़ती जा रही हैं और रोज़गार के सुनहरे अवसर प्राप्त हो सकते हैं ।

छात्राओं ने पूर्ण उत्साह के साथ इस कार्यशाला में भाग लिया और प्रश्नों के माध्यम से जिज्ञासाओं का समाधान किया। महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉ. शोभना गोयल, डॉ. गीता गुप्ता और डॉ. रेणु माहेश्वरी के सहयोग से यह कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई ।